पत्रांक:-भवन/भू-सम्पदा-08-विविध(5G)-09-2023.......5147(गु)

# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

मनीष कुमार,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग।

पटना, दिनांकः– 23/6/23

विषयः– राज्य के स्ट्रीट फर्नीचर की PM GatiShakti NMP Portal के साथ GIS mapping कराने हेतु Data Format के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–3592, दिनांक–08.05.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य में Digital Infrastructure Deployment एवं 5G सेवा प्रारंभ करने हेतु कम दूरी पर 5G Small Cell की स्थापना स्ट्रीट फर्नीचर (जैसे कि इलेक्ट्रीक पोल, फ्लाई ओवर, मेट्रो पिलर, सरकारी भवन इत्यादि) पर की जानी है। इस संबंध में विभाग के स्वामित्व वाले स्ट्रीट फर्नीचर(सरकारी भवन) का GIS Mapping Portal पर upload किया जाना है। उक्त के संबंध में NIC के सहयोग से भवन निर्माण विभाग द्वारा eNiwas Mobile App की शुरूआत की गई है जिसके माध्यम से सरकारी भवनों का डाटा अपलोड किया जा सकता है।

उपर्युक्त के संबंध में प्रासंगिक पत्र द्वारा सभी भवन प्रमंडलो से संबंधित कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (जिनके द्वारा विभिन्न प्रशाखाओं के भवनों का GIS Survey किया जाना है) के मोबाईल नंम्बर सहित वांछित विवरणी विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था, जो कई भवन प्रमण्डलों (भवन प्रमण्डल मुजफ्फरपुर/गोपालगंज/पूर्णियाँ/मोतिहारी/केन्द्रीय/पाटलिपुत्र/गर्दनीबाग/आरा/भभुआ / औरंगाबाद/जहानाबाद एवं खगड़िया को छोड़कर) से अभी तक अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ताकि eNiwas Mobile App डाउनलोड करने हेतु लिंक तथा User Id एवं Password सभी संबंधित को SMS के माध्यम से उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही जिन भवन प्रमंडलों में संबंधित अभियंतागण को User Id एवं Password प्राप्त हो चुका है, उन्हें जुलाई माह तक सभी भवनों को Survey करने का आदेश मुख्य सचिव, बिहार के स्तर से प्राप्त हुआ है।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

23/6/23

सरकार के विशेष सचिव।

**eNiwas Mobile App** हेतु प्रमंडल से संबंधित कनीय अभियंता / सहायक अभियंता / डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (जिनके द्वारा विभिन्न प्रशाखाओं के **GIS Survey** किया जाना है) कि विवरणीः–

भवन प्रमंडल का नामः–

| क्रं. सं. | अवर प्रमंडल का नाम | प्रशाखा का नाम | GIS Survey हेतु नामित कनीय अभियंता / सहायक अभियंता / डाटा इन्ट्री ऑपरेटर का नाम तथा पदनाम | मोबाईल नं0 (जो Android Mobile पर कार्य कर रहा हो) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| | | | | |

**कार्यपालक अभियंता का हस्ताक्षर**

D:/Seema/E-state Officer/New Letter2626